दिनांक 31.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/महापौर देवेन्द्र यादव अपने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड सेक्टर 5 में जनता से रुबरु हुए और नागरिकों की मांग पर महापौर निधि से सेक्टर–05 मार्केट में स्टेज एवं गार्डन निर्माण की घोषणा के साथ शौचालय निर्माण, प्रकाश व्यवस्था की व्याप्त समस्या का शीघ्र निराकरण किये जाने का आश्वासन वार्ड वासियों को दिये।

निगम महापौर श्री यादव निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर व्याप्त समस्याओं के संबंध में वार्डवासियों के साथ चौपाल लगाकर चर्चा किये। सेक्टर–05 में बुधवार को महापौर पहुंचे तो महपौर का स्वागत वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में वार्ड पार्षद नीरज पाल द्वारा किया गया। उपस्थित वार्डवासियों ने बताया कि सेक्टर–05 के मार्केट में शौचालय नहीं होने के कारण मार्केट आने वाले लोगों को काफी असुविधा होती है। नाली सफाई, सड़क 26 के गार्डन में प्रकाश व्यवस्था, सड़क 29 में स्ट्रीट लाईट लगाने तथा एलईडी लाईट लगाने की मांग किया गया।

महापौर, वार्ड पार्षद ने नागरिकों के साथ भ्रमण कर मार्केट तथा वार्ड के विभिन्न सड़कों में व्याप्त समस्याओं को देखा। नागरिकों ने महापौर से मार्केट में गार्डन बनाने की मांग रखी जिसपर उन्होने अपनी निधि से गार्डन बनवाने की घोषणा किये।

जनसम्पर्क विभाग